दिनांक 17.09.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

प्रधानमंत्री आवास योजना के 742 हितग्राहियो को सौंपा गया मकान की चाबी

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आनलाईन वरचुवल मामध्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उड़िसा से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को संबोधित किया गया। उन्होने बताया कि हमारा उददेश्य है कि हर गरीब व्यक्ति के घर पर छत हो। सबको रोटी, कमड़ा, मकान के साथ साथ खुसहाल जीवन मिले। हम सब मिलकर अपने नगर, जिला एवं राज्य को खुसहाल बना सकते है। प्रधानमंत्री आवासयोजना के अंतर्गत मोर मकान मोर चिन्हारी, मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत 150 एवं बीएलसी घटक के 592 हितग्राहियो को महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा मकान की चाबी प्रदान की गई। सभी हितग्राही बहुत खुस थे, मकान प्राप्त करने वाली कौशल्या बाई नेताम ने बताया। मेरा बरसो का सपना साकार हो रहा है, आज मेरे परिवार के उपर छत होगा। साथ ही मेरे घर में शौचालय, पानी, बिजली, किचन के साथ मेरा मकान होगा। हम सब बहुत खुस है। कार्यक्रम के दौरान नेता सह प्रतिपक्ष दया सिंह, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, पार्षदगण, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, निगम आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।